एसआरएमएस ट्रस्ट की वाद विवाद प्रतियोगिता

श्वेता राठौर (पक्ष) और प्रियांशी (विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

बरेली। कई वर्षों से आयोजित होती आ रही एसआरएमएस ट्रस्ट की वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन आज एसआरएमएस रिद्धिमा में किया गया. इसमें राधा माधव पब्लिक स्कूल की श्वेता राठौर (पक्ष) और प्रियांशी (विपक्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. एसआरएमएस ट्रस्ट विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास के लिए कई आयोजन करता आ रहा है. इन्हीं में वाद विवाद प्रतियोगिता भी एक है. इंटर तक के बच्चों के लिए आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का आयोजन आज को रिद्धिमा सभागार में किया गया. इसका शुभारंभ ट्रस्टी आशा मूर्ति जी, डीन एकेडमिक सीईटी डा. प्रभाकर गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. श्लॉकडाउन का अर्थव्यवस्था प्रभावश् विषय के पक्ष, विपक्ष में स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे. इसमें राधा माधव पब्लिक स्कूल की श्वेता राठौर (पक्ष) और प्रियांशी (विपक्ष) ने प्रथम, सेक्रेड हार्ट सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल की मानवी सक्सेना (पक्ष), बेदी इंटरनेशनल स्कूल के आदित्य सक्सेना (विपक्ष) ने द्वितीय और द गुरु स्कूल की सलोनी शर्मा (पक्ष), इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज की अफीफा जूही (विपक्ष) ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में बेदी इंटरनेशनल स्कूल, सेक्रेड हर्ट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, विद्या भवन पब्लिक स्कूल, तिलक इंटर कॉलेज, राधा माधव पब्लिक स्कूल, जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर, जीआरएम स्कूल, इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, गिरीश प्रसाद मेमोरियल स्कूल, स्त्री सुधार कन्या इंटर कॉलेज और द गुरु स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका में इंजीनियर सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, रुचिसा, अश्वनी कुमार और मनीष चतुर्वेदी ने निभाई और विजेताओं को सम्मानित किया।